

सेंट्रल बैंक ऑफ...
पेज 2

आपकी खबरों का संसार...
RNI No.-RJHIN/2015/63826

# अतुल्य संसार

संस्करण: जयपुर
हिन्दी समाचार पत्र...
web: www.atulyasansar.com
Digital Edition
www.liveworldnews.in


युवा गुर्जर महासभा...
पेज 3

वर्षः 10 | अंकः 327 | जयपुर, रविवार 07 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


# बीजेपी के संगठन महामंत्री की पहली चुनौती पंचायत-निकाय चुनाव

## पदाधिकारियों के साथ बैठक में संगठन विस्तार, बूथ मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई

**जयपुर।** बीजेपी के नए प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने शनिवार को औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। प्रदेश भाजपा कार्यालय के कमरा नंबर-6 से वे संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन करेंगे। यही कमरा पूर्व संगठन महामंत्री चंद्रशेखर का भी कार्यालय रहा है। जयपुर पहुंचने के बाद अजेय कुमार सीधे मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान गणेश के दर्शन कर नई जिम्मेदारी की शुरुआत की। इसके बाद प्रदेश बीजेपी कार्यालय पहुंचने पर महिला मोर्चा और पार्टी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों के साथ उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक की और वर्तमान संगठनात्मक अभियानों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर भी प्रारंभिक चर्चा की गई।



### पंचायत-निकाय चुनाव होंगे पहली बड़ी परीक्षा

राजस्थान में बीजेपी सरकार बनने के बाद यह पहला मौका होगा, जब स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव नए संगठन महामंत्री के नेतृत्व में लड़े जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में ये चुनाव साल 2028 के विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल माने जा रहे हैं। ऐसे में पंचायत और निकाय चुनावों के परिणाम केवल स्थानीय सत्ता का फैसला नहीं करेंगे, बल्कि यह भी संकेत देंगे कि प्रदेश में बीजेपी सरकार और संगठन के प्रति जनता का रुझान कितना मजबूत है। यही वजह है कि बीजेपी नेतृत्व इन चुनावों को अत्यंत महत्वपूर्ण मान रहा है।

### संगठन-सत्ता समन्वय सबसे बड़ी चुनौती

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार अपने कार्यकाल के ढाई साल पूरे करने की ओर बढ़ रही है। ऐसे में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना अजेय कुमार की सबसे अहम जिम्मेदारी मानी जा रही है। राजनीतिक तौर पर बीजेपी मानती है कि अगर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाना है। तो संगठन को और सक्रिय बनाना होगा। इसके लिए बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क, कार्यकर्ता संवाद और जनसंपर्क अभियान चलाने की रणनीति तैयार की जा रही है।

## राठौड़ बोले- संगठन को मिलेगी नई मजबूती

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संगठन महामंत्री के आगमन का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजस्थान को अनुभवी संगठन महामंत्री दिया है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन और अधिक मजबूत होगा। राठौड़ ने कहा- आगामी पंचायत-निकाय चुनावों से लेकर 2028 में सरकार दोहराने के लक्ष्य तक संगठन पूरी ताकत के साथ काम करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अजेय कुमार के नेतृत्व में संगठनात्मक ढांचा और अधिक सक्षम तथा प्रभावी बनेगा। बता दें कि अजेय कुमार ऐसे समय में राजस्थान बीजेपी की संगठनात्मक कमान संभाल रहे हैं। जब पार्टी को एक साथ कई मोर्चों पर तैयारी करनी है। पंचायत और निकाय चुनावों में प्रदर्शन, सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना, बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय रखना और 2028 विधानसभा चुनावों की रणनीति तैयार करना उनकी जिम्मेदारियों में शामिल रहेगा। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो आने वाले महीनों में अजेय कुमार की कार्यशैली, संगठनात्मक फैसले और चुनावी रणनीतियां न केवल भाजपा के भविष्य की दिशा तय करेंगी, बल्कि यह भी तय करेंगी कि राजस्थान में सत्ता परिवर्तन की परंपरा टूटेगी या फिर कायम रहेगी। पंचायत और निकाय चुनावों के नतीजे ही इस नई संगठनात्मक पारी की पहली सफलता या चुनौती का संकेत देंगे।

### माइक्रो मैनेजमेंट पर रहेगा फोकस

अजेय कुमार को बीजेपी के अंदर बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ता संवाद और चुनावी माइक्रो मैनेजमेंट का विशेषज्ञ माना जाता है। उत्तराखंड में संगठन को मजबूत करने के साथ वहां की चुनावी सफलता में उनकी भूमिका को काफी महत्वपूर्ण माना गया था। राजस्थान में भी उनसे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, सक्रिय सदस्यता अभियान को गति देने और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपेक्षा की जा रही है। पार्टी का मानना है कि मजबूत संगठन ही आगामी चुनावों में जीत की आधारशिला साबित होगा।

### सरकार रिपीट का लक्ष्य

राजस्थान की राजनीति में लंबे समय से हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन का ट्रेंड रहा है। बीजेपी का लक्ष्य इस राजनीतिक परंपरा को तोड़ते हुए साल 2028 में फिर से सरकार बनाना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पंचायत और निकाय चुनावों को संगठनात्मक मजबूती की पहली कसौटी माना जा रहा है। अगर इन चुनावों में बीजेपी अच्छा प्रदर्शन करती है। इससे 2028 विधानसभा चुनावों के लिए सकारात्मक माहौल तैयार होगा।

# होटल क्लार्क्स-आमेर को सीज करने की चेतावनी

### लेबर कोर्ट ने कहा- 34 साल पहले हटाए कर्मचारी को पैसा दो वरना एक्शन होगा



**जयपुर।** जयपुर की लेबर कोर्ट ने होटल क्लार्क्स आमेर को सीज करने की चेतावनी दी है। होटल के पूर्व कर्मचारी ने गलत तरीके से हटाने और 34 साल से बकाया नहीं देने के मामले की सुनवाई हुई। लेबर कोर्ट-1 के जज दिनेश गुप्ता ने होटल क्लार्क्स आमेर को 8 जून तक कर्मचारी को 6.25 लाख रुपए का अंतरिम भुगतान करने के आदेश दिए। जज दिनेश गुप्ता ने फैसला में कहा- याचिकाकर्ता कर्मचारी की मांगी गई 24.25 लाख की राशि की एक चौथाई रकम 6 लाख रुपए और हर्जाने की राशि के 25 हजार रुपए कर्मचारी के खाते में जमा करवाएं या उसके नाम का चैक-डीडी कोर्ट में पेश करें। कोर्ट के आदेश के मुताबिक 8 जून को शाम 6 बजे तक आदेश की पालना नहीं करने पर उसी दिन कुर्की वारंट जारी कर तामील के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर को भिजवाया जाएगा। कुर्की वारंट पर होटल को सीज करके सुरक्षाकर्मी तैनात करने के आदेश दिए हैं।

# जयपुर समेत 5 जिलों में बारिश, बीकानेर में ओले गिरे

### श्रीडूंगरगढ़ में वेयरहाउस के टिनशेड उड़े; कोटपूतली-बहरोड़ में अंधड़ से टेंट उखड़ा, एक घायल




**जयपुर।** राजस्थान में प्री-मानसून की शुरुआत अच्छी रही। बीकानेर के लूणकरणसर में शनिवार दोपहर तेज बारिश के साथ ओले गिरे। सीकर, अलवर, कोटपूतली-बहरोड में मौसम बदला और बारिश हुई। जयपुर में भी बूंदाबांदी हुई। अंधड से बीकानेर के श्रीडूंगरगड में वेयरहाउस के टिनशेड उडकर आधा किलोमीटर दूर खेत में जा गिरे। वहीं कोटपूतली-बहरोड में अंधड से टेंट उखड गया, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। इससे पहले 4 जून की शाम से 5 जून की सुबह तक बांसवाड़ा, बूंदी और भीलवाड़ा समेत कई जिलों में 3 इंच तक पानी बरसा। चूरू, हनुमानगढ़ और बीकानेर में ओले भी गिरे। आंधी-बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 5 डिग्री तक गिरा है। करौली, दौसा, डूंगरपुर, नागौर और जयपुर समेत कई शहरों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया।

## सीएम भजनलाल शर्मा अचानक पहुंचे एसएमएस हॉस्पिटलः बोले-

# हर विभाग की ओपीडी में उपलब्ध हो जांच और दवाइयां, मरीजों से बात कर लिया फीडबैक

**जयपुर।** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर विभाग की ओपीडी में जांच सुविधाएं और जरूरी दवाइयां उपलब्ध रहें, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी से धन्वंतरि ओपीडी में आ रहे मरीजों के लिए बैठने और छाया-पानी के लिए बाहर कुछ व्यवस्था करने के निर्देश दिए।





### मुख्यमंत्री सबसे पहले हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में पहुंचे

एसएमएस हॉस्पिटल में पहुंचते ही सीएम भजनलाल शर्मा सबसे पहले हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में पहुंचे, जहां मरीजों की भारी भीड़ मिली। वहां उन्होंने कुछ मरीजों से बात की और उनसे हॉस्पिटल में मिल रही सुविधाओं की हकीकत पूछी। इसके बाद वे न्यूरोलॉजी विंग की ओपीडी और फिर कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी में भी गए, जहां व्यवस्थाएं देखने के बाद वापस लौट गए।

### जांच और दवाइयां हर विभाग की ओपीडी में हो उपलब्ध

विजिट के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोई मरीज हड्डी, दिल या किसी और बीमारी का इलाज करवाने के लिए अलग-अलग विभाग में जाता है, तो उसी विभाग की ओपीडी में उस मरीज को देखने के बाद दवाई और जांच के सैंपल की सुविधा भी मिल सके ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए।

### मरीजों के फीडबैक से लगा, यहां अच्छा काम हो रहा

मुख्यमंत्री शर्मा ने दौरे के दौरान मरीजों से भी बात की। सीएम ने कहा कि मरीजों के फीडबैक से पता चल रहा है कि हॉस्पिटल में अच्छा काम हो रहा है, लेकिन फिर भी यहां सुधार की बहुत गुंजाइश है और लगातार काम होते रहना चाहिए, ताकि कोई छोटी-मोटी परेशानी हो तो वह भी दूर हो जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ प्रमुख शासन सचिव हेल्थ डिपार्टमेंट गायत्री राठौड़, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी और डॉक्टर्स मौजूद रहे।

### पूरे हॉस्पिटल में हो रही सेंट्रल एसी की सुविधा विकसित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये राजस्थान का सबसे बड़ा हॉस्पिटल है, यहां राजस्थान ही नहीं बल्कि आसपास के राज्य से भी कई मरीज आते हैं। हमारी कोशिश है कि मरीजों को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए हम पूरे हॉस्पिटल में सेंट्रल एसी की सुविधा विकसित करवा रहे है।

# कृषि विभाग के कर्मचारियों से मारपीट पर सियासत गरमाई

## डोटासरा बोले-छापेमारी की आड़ में कमीशनखोरी, किरोड़ी का पलटवार-भ्रष्टाचार सिद्ध कर दो, इस्तीफा दे दूंगा

**सीकर।** सीकर में कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और कृषि मंत्री आमने-सामने हो गए हैं। गोविंद सिंह डोटासरा ने एक्स पर कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर निशाना साधते हुए लिखा- अगर कृषि विभाग की छापेमारी टीम के सदस्य ही कमीशनखोरी का खेल खेलेंगे तो फिर कार्रवाई का क्या मतलब रह जाएगा।

इस पर कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने एक्स पर पलटवार करते हुए लिखा- डोटासरा जी, आप सीकर की इस घटना में भ्रष्टाचार के आरोप मेरे ऊपर सिद्ध कर दीजिए तो मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा। मैं भ्रष्टाचार के सख्त खिलाफ हूं और इसके लिए जीवनभर लड़ता रहा हूं। आप मुझसे दुर्भावना रखते हैं, इसीलिए किसी के बहकावे में आकर मेरे ऊपर मनगढ़ंत और तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं। मैं यह




बताना चाहता हूं कि सीकर जितना आपका है, उतना ही मेरा भी है। हमला डिकॉय टीम पर नहीं, बल्कि सरकार पर हुआ है। कृपया आप हमलावरों का साथ न दें तो उचित रहेगा, जिससे किसानों के हितों को सुरक्षित रखा जा सके।

### कमीशनखोरी का खेल खेलेंगे तो फिर कार्रवाई का क्या मतलब

कृषि विभाग से कर्मचारियों से मारपीट मामले पर डोटासरा ने लिखा - पहले छापा और फिर सेटिंग... आखिर यह कैसी व्यवस्था है जहां कार्रवाई के नाम पर डर दिखाओ और फिर सौदेबाजी कर मोटी रकम वसूलने निकल पड़ोड कृषि मंत्री जी, जनता जवाब चाहती है। इस भ्रष्टाचार पर न आपका बयान आया और न ही ब्लैकमेलिंग-उगाही करने वाले इस अधिकारी पर कोई कार्रवाई हुई आखिर क्यों?

### किरोडी बोले- फंगस लगे मूंगफली के नकली बीज जब्त किए थे

डोटासरा पर पलटवार करते हुए कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने लिखा - मेरे द्वारा ऑपरेशन डिकॉय के तहत 26 मई 2026 को सीकर और गोविंदगढ़ के रीको एरिया में बालाजी एग्रो इंडस्ट्रीज पर औचक निरीक्षण किया गया। जहां भारी मात्रा में फंगस लगे मूंगफली के नकली बीज जब्त किए गए, साथ ही सेल स्टॉप (सेल बैन) की कार्रवाई करते हुए मुकदमा भी दर्ज करवाया गया था। कार्रवाई के बाद डिकॉय टीम के सदस्य संदीप और रजनीश किसान बनकर अन्य जानकारियां जुटाने में लग गए।

### व्यापारी ने साजिश के तहत टीम को बुलाया

किरोड़ी लाल मीणा ने लिखा- बीज व्यापारी को शक होने पर उसने साजिश के तहत टीम को एक लोकेशन पर बुलाया और वहां पैसे मांगने का झूठा आरोप लगाकर 20 से 25 लोगों के साथ मिलकर डिकॉय टीम के साथ मारपीट की। इसके बाद सीकर के सदर थाना, एडिशनल एसपी सीकर और एडिशनल एसपी एंटी करप्शन ब्यूरो सीकर द्वारा घंटों जांच की गई।

## शाहपुरा में फ्री हेल्थ एंड वेलनेस अवेयरनेस सेमिनार आज

### सेमीनार होटल शरबती पैलेस, एन.एच.-48, शाहपुरा में होगी

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** शहर में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार, 07 जून 2026 को एक फ्री हेल्थ एंड वेलनेस अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 12ः30 बजे तक होटल शरबती पैलेस, एन.एच.-48, शाहपुरा में आयोजित होगा। सेमिनार में स्वास्थ्य एवं ऊर्जावान जीवन के रहस्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही बढ़ते वजन, पेट की चर्बी और थकान से बचाव के उपाय, सही पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के आसान तरीके तथा हेल्थ चेकअप एवं वेलनेस से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी रहेगा और परिवार सहित इसमें भाग लेकर लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकेंगे। नए प्रतिभागियों के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है, हालांकि सीमित सीटों के चलते समय पर पहुंचने की अपील की गई है। कार्यक्रम का आयोजन फिटनेस कोच नवल किशोर एवं नीलम द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस सेमिनार में भाग लेकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाने का आह्वान किया है।

## गोवंश को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिलाने की मांग का सोपा ज्ञान



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी ।** हिंदू मुस्लिम एकता समिति द्वारा राष्ट्रपति के नाम बड़ी संख्या में हिंदू मुस्लिम समाज के नव युवाओं द्वारा जिला कलेक्टर को गोवंश को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग का ज्ञापन सोपा , खास तौर पर मुस्लिम नव युवाओं का कहना था कि गोवंश की जितनी दुर्दशा हो रही है उतने किसी भी पशुओं की नहीं हो रही है जबकि गोवंश को गौ माता के स्वरूप में भी माना जाता है कहीं भी गोवंश से जुड़ी अज्ञात घटना होती है तो सबसे पहले मुस्लिम समाज को ही टारगेट किया जाता है और कई बार माहौल भी खराब होने की संभावना बनी रहती है बूंदी सहित देशभर में गोवंश को राष्ट्रमाता घोषित करने की लंबित मांग और बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए गोवंश को राष्ट्रीय पशु घोषित करना अनिवार्य है और सरकार से मांग करते हैं कि जल्द ही गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए इस दौरान गौ रक्षक रक्तवीर राजेश खोईवाल गो भक्त प्रहलाद मीणा, गौ भक्त राम बाबू श्रंगी मोइनुद्दीन उर्फ समीर। रौनक कुरैशी। अनस पठान। साकिब गाजी। रेहान अली। फैजान। आफताब। कार्तिक जैन। योगेश सैनी। आकाश खटीक। विक्की खटीक। शफीन। मोहित छोटू सावन,फागुन शर्मा। हर्ष शर्मा। सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## खेत बचाओ अभियान के तहत किसान गोष्ठी आयोजित, मृदा संरक्षण पर दिया जोर



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**झालावाड़।** कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग झालावाड़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम दीवलखेड़ा में ''खेत बचाओ अभियान'' के अंतर्गत किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में करीब 70 किसानों ने भाग लेकर उन्नत कृषि तकनीकों और मृदा संरक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की।

गोष्ठी में प्रसार शिक्षा वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद युनुस ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व से अवगत कराते हुए मृदा परीक्षण, नमूना संग्रहण तथा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उर्वरक उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने हरी खाद के उपयोग, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई तथा खेतों की उत्पादकता बढ़ाने वाले उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए उन्नत बीज चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं वैज्ञानिक खेती पद्धतियों पर भी चर्चा की गई। किसानों ने विभिन्न कृषि विषयों पर विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

सहायक कृषि अधिकारी अरविन्द पाटीदार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को उपलब्ध सुविधाओं एवं अनुदान योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में किसानों को खेत पर ले जाकर मृदा नमूना लेने की विधि का प्रायोगिक प्रदर्शन कराया गया। विशेषज्ञों ने किसानों से मृदा संरक्षण, वैज्ञानिक खेती और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को अपनाने का आह्वान किया, ताकि कृषि उत्पादन के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी लंबे समय तक बनी रह सके।

# सड़क सुरक्षा अभियानः श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्रा. लि. एवं राजसमंद पुलिस ने बांटे हेलमेट, दिया सुरक्षित सफर का संदेश

**राजसमंद।** सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड एवं राजसमंद पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष हेलमेट वितरण एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को जागरूक बनाकर क्षेत्र में सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।

### वाहन चालकों को किया गया जागरूक, बांटे हेलमेट

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के नियमित उपयोग, यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अभियान के अंतर्गत जिम्मेदार वाहन चालकों और जरूरतमंदों को हेलमेट वितरित किए गए तथा उन्हें सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण संदेशों से अवगत कराया गया।

### प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस विशेष जागरूकता अभियान के अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थेः

**श्रीमती शिप्रा राजावत (पुलिस उपाधीक्षक - DYSP, नाथद्वारा)**

श्री भंवर लाल (थानाधिकारी, देलवाड़ा) स्थानीय क्षेत्र के सम्मानित सरपंचगण यातायात पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्रा. लि. के अधिकारी एवं कर्मचारीगण

### दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमों का पालन जरूरी

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और कीमती जानों को बचाने के लिए हेलमेट का उपयोग एवं यातायात नियमों का अक्षरशः पालन अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को एक सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाना चाहिए ताकि वे स्वयं और उनका परिवार सुरक्षित रह सके।

— उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी

### स्थानीय जनता ने दिखाई उत्सुकता, भविष्य में भी जारी रहेंगे प्रयास

इस अभियान में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भविष्य में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभी उपस्थितजनों के सामूहिक सहयोग से यह कार्यक्रम बेहद सफल और प्रभावी रहा। सफलतापूर्वक संपन्न हुए इस कार्यक्रम के अंत में श्रीनाथजी उदयपुर टोलवे प्रा. लि. एवं राजसमंद पुलिस ने समाज कल्याण और जनहित के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दोहराते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सड़क सुरक्षा अभियानों का आयोजन निरंतर जारी रखा जाएगा।

# धर्म केवल पूजा नहीं, जीवन जीने की कला है : आचार्य वर्धमान सागर

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** अजमेर रोड़ स्थित चंद्रपुरी दिगंबर जैन मंदिर मे चल रहे प्रवास के दौरान आयोजित दैनिक पाठशाला में आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने उपस्थित श्रावक और श्राविकाओं को श्रावक धर्म, जीव-दया, आहार की शुद्धता, मूलगुणों की महत्ता एवं संयमित जीवन के विषय में सरल, व्यवहारिक और प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। गुरुवर ने कहा कि सच्चा श्रावक वह नहीं है जो केवल मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करे, बल्कि वह है जो अपने दैनिक जीवन में धर्म के सिद्धांतों, अहिंसा, संयम और जिनवाणी के उपदेशों को अपनाए। उन्होंने बताया कि मूलगुण श्रावक धर्म की जड़ हैं और इनकी रक्षा किए बिना धर्म की वास्तविक साधना संभव नहीं है। प्रवचन के दौरान गुरुवर ने मधु (शहद) के त्याग, जीव-दया के महत्व तथा भोजन की शुद्धता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भोजन केवल शरीर का पोषण नहीं करता, बल्कि हमारे मन, विचार और संस्कारों को भी प्रभावित करता है। इसलिए शुद्ध, ताजा और सात्विक आहार को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। आचार्यश्री ने आधुनिक सुविधाओं के



विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता बताते हुए कहा कि सुविधा के साथ सावधानी और धर्म का पालन भी आवश्यक है। पानी छानकर पीने की परंपरा को जीव-दया और सजगता का प्रतीक बताते हुए उन्होंने प्रत्येक जीव के प्रति करुणा और संवेदनशीलता रखने का संदेश दिया। गुरुवर ने कहा कि धर्म का वास्तविक स्वरूप हमारे व्यवहार, आचरण और जीवनशैली में दिखाई देना चाहिए। यदि जीवन में दया, संयम, शुद्धता और सावधानी का अभाव है तो केवल पूजा-पाठ से धर्म पूर्ण नहीं होता। उन्होंने कहा कि अहिंसा और जीव-दया जैन धर्म की आत्मा हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने भोजन, पानी, व्यवहार और विचारों में भी सजगता एवं संवेदनशीलता रखनी चाहिए।

### 10 जून को होगा आचार्य वर्धमान सागर महाराज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन समारोह, बढ़ के बालाजी में जुटेगा जयपुर जैन समाज

अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ का पिछले चार माह से जयपुर जैन समाज को पावन सान्निध्य और सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। गुरुवर के वात्सल्य, आशीर्वाद एवं प्रेरणादायी प्रवचनों से हजारों समाज श्रद्धालुओं को निरंतर धर्मलाभ मिल रहा है। इसी संदर्भ में बुधवार 10 जून को जयपुर प्रवास के चार माह पूर्ण होने के अवसर पर प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक कृतज्ञता ज्ञापन एवं गुरु-वंदना समारोह का आयोजन बढ़ के बालाजी स्थित चंद्रपुरी जैन मंदिर में किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालु गुरुचरणों में अपनी श्रद्धा, भक्ति एवं कृतज्ञता अर्पित करेंगे तथा जयपुर को आगे भी गुरुवर के सान्निध्य का लाभ मिलता रहे, इसके लिए विनम्र निवेदन करेंगे। इस दौरान समाजसेवी श्रीपाल भागचंद चूड़ीवाल, सुरेश सबलावत, श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र तीर्थ क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल, पदमपुरा अतिशय क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष अधिवक्ता सुधीर जैन दौसा, महामंत्री अधिवक्ता हेमंत सोगानी, राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष जैन पांडया, सुभाष पाटनी, विवेक काला, राजकुमार सेठी, राकेश राजेश सेठी कलकत्ता, प्रवीण बडजात्या सहित सकल जैन समाज जयपुर उपस्थित रहेगा और गुरुचरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य अर्जित करेगा।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजित किया राष्ट्रीय मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत खजूरी में किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप कौर ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, कृषि नवाचारों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में नाबार्ड के डीडीएम रामप्रसाद शर्मा, संयुक्त निदेशक उद्यानिकी नंद बिहारी मालव, संयुक्त निदेशक कृषि अतीश शर्मा, जी. सांगोत, ग्राम पंचायत खजूरी के प्रधान जयवीर सिंह एवं सरपंच मोतीलाल ने किसानों को आधुनिक एवं तकनीकी कृषि पद्धतियों, कृषि में नवाचार तथा



कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत एक लाभार्थी के नामांकित सदस्य को दो लाख रुपये की बीमा दावा राशि का चेक प्रदान किया गया। साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों को लगभग 2.50 करोड रुपये के ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की आंवा एवं कैथून शाखाओं द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), कृषि ऋण तथा गोल्ड लोन के चेकों का वितरण भी किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं वित्तीय समावेशन योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों एवं ग्रामीणों से अधिकाधिक बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आंवा शाखा के शाखा प्रबंधक जगदीश तिवाडिया, कैथून शाखा के शाखा प्रबंधक विपिन झा, बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी, सीएफएल एवं एफएलसी के प्रतिनिधि तथा बडी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## सनातनी बताने वाली भाजपा सरकार में संतों की हत्या, गौहत्या से जाहिर होता प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप्प हो चुकी है अपराधियों का खुलाराज - राखी गौतम

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने कोटा के बोरखेड़ा स्थित चंद्रेसल मठ के पूज्य महंत देवानंद महाराज की निर्मम हत्या की घटना को हृदयविदारक एवं निंदनीय बताया है। गौतम शनिवार को अस्पताल मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे संत समाज के बीच पहुचकर उन्हें समर्थन दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की है

राखी गौतम ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो भाजपा सरकार अपने आप को सनातनी बताती है उसी सरकार में संतों की हत्या हो रही है आए दिन गौ माताओं की हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। यह सरकार की कथनी और करनी में अंतर साफ दिख रहा हैअपराधी बेखोफ होकर खुलेआम वारदात को अंजाम देकर निकल जाते है उनके अंदर पुलिस प्रशासन का भय खत्म हो चुका है सरकार नाम कोई चीज नजर नही आती है

गौतम ने कहा मैं डबल इंजन की सरकार से पूछना चाहती हूँ कि आखिर कोटा में कब



सुशासन होंगा केवल सरकार सुशासन के नाम कोरी वाहवाही लूट रही है कोटा शहर में आएदिन हत्याये चाकूबाजी की घटनाएं आम बात हो गयी है प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो चुकी है प्रशासन घटनाओं को रोक पाने में नकारा साबित हो रहा है उसका सारा सिस्टम फेल हो चुका है अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके है उनके अंदर पुलिस का भय खत्म हो चुका है अपराधी बेखोफ होकर खुलेआम संत-महात्माओं की जघन्य हत्या जैसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ विजय सोनी ने बताया कि इस दौरान राखी गौतम के साथ सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहोरीया , शहर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अनुराग गौतम , सचिव योगेश विजयवर्गीय मौजूद रहे ।

## हादसों पर ब्रेक लगाने उतरी पुलिस, उदयपुरवाटी में बांटे 50 हेलमेट

### वाहन चलाते समय दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाएं...... रामपाल मीणा



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** कस्बे में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। घूमचक्कर सर्किल पर पुलिस ने दुपहिया वाहन चालकों को 50 हेलमेट वितरित किए। उदयपुरवाटी पुलिस थाने के थानाधिकारी रामपाल मीणा के नेतृत्व में चला अभियान दुपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। घूम चक्कर पर समाजसेवी महेश सैनी के सहयोग से बांटे गए 50 हेलमेट। उदयपुरवाटी पुलिस ने हेलमेट पहनकर सुरक्षित सफर करने का दिया संदेश। बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने की पहल ट्रैफिक इंचार्ज रणवीर सिंह सहित पुलिस टीम रही मौजूद स्थानीय नागरिकों ने भी सड़क सुरक्षा अभियान में लिया भाग जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने की पुलिस ने की अपील।

## आयुर्वेदिक पंचकर्म हॉस्पिटल में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

### शिविर में डॉक्टर विनोद सैनी एवं डॉ .भोलू राम देंगे सेवाएं, योगा के बारे में विशेष जानकारी देंगे डॉक्टर भोलू राम



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** जयपुर रोड पर तहसील के ठीक सामने सूर्य नगर कॉलोनी में स्थित आयुर्वेदिक पंचकर्म हॉस्पिटल में आज प्रातः 8ः00 बजे से 2ः00 बजे तक एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेदिक पंचकर्म हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर विनोद कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध योग डॉक्टर भोलू राम द्वारा वह डॉक्टर विनोद कुमार सैनी द्वारा विभिन्न बीमारियों के समाधान के बारे में बताया जाएगा एवं दवा दी जाएगी द्य आयुर्वेदिक पंचकर्म अस्पताल के डायरेक्टर डॉ विनोद कुमार सैनी के अनुसार चिकित्सा शिवा आईआर में विभिन्न बीमारियों के मरीज अपना अग्रिम रजिस्ट्रेशन तुरंत करवा ले द्य ताकि लंबी कतार में लगने से बचा जा सके।

## हाथोज धाम में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया शनिवार विशेष उत्सव

**जयपुर।** शनिवार ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी तिथि के पावन अवसर पर हाथोज धाम स्थित श्री दक्षिण मुखी बालाजी महाराज मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बालाजी महाराज का विधि-विधानपूर्वक चमेली के तेल से अभिषेक किया गया तथा पुष्पों से आकर्षक एवं मनोहारी विशेष झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान हनुमान की आराधना की। इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ 17 जून से

### 16 जून को निकलेगी विशाल ऐतिहासिक कलश यात्रा

### विशाल कलश यात्रा को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह

### कलश यात्रा की तैयारियों को लेकर महिलाओं ने बांटे पीले चावल दिया न्योता

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर 17 जून से आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ को लेकर जहां तैयारियां जोर-शोर से चल रही है वहीं गांव गांव व ढाणी ढाणी में लोगों को निमंत्रण पत्र देकर व पीले चावल बांटकर यज्ञ में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है द्य यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया एवं महेंद्र तेतरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 जून को हजारों की तादाद में महिलाओं द्वारा विशाल ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसको लेकर महिलाओं में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है



द्य यज्ञ सेवा समिति के संयोजक मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ को लेकर विदेशो में भी गूंज सुनाई देने लगी है द्य सेवानिवृत्ति पीटीआई भगवान सहाय यादव एवं हनुमान यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 108 कुंदेश श्री राम महा यज्ञ के दौरान श्री राम कथा का आयोजन भी किया जाएगा द्य सुप्रसिद्ध कथा वाचक रणवीर भाई शेखावाटी वाले यज्ञ के दौरान रोज कथा का रसपान करवाएंगे द्य महेंद्र तेतरवाल के अनुसार 16 जून को आयोजित होने वाली विशाल कलश यात्रा को लेकर महिलाओं ने पीले चावल बांटकर कलश यात्रा के लिए आमंत्रित किया द्य यज्ञ सेवा समिति के मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़ के अनुसार जैसे-जैसे यज्ञ की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे ही यज्ञ का प्रचार प्रसार जोर-शोर से चल रहा है।

# युवा गुर्जर महासभा की राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी घोषित, नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष महावीर डोई ने पूनिया व अलका गुर्जर से की मुलाकात




**दौसा।** युवा गुर्जर महासभा ने समाज और संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से साल 2026 के लिए अपनी राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव लोकेश गुर्जर द्वारा जारी सूची के अनुसार, दौसा के श्री महावीर डोई एडवोकेट को प्रदेश अध्यक्ष और श्री संतलाल भेड़ी को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी गठन की यह पूरी सूची सोशल मीडिया पर साझा की गई।

सूची के अनुसार वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर श्रीभान एडवोकेट (हिंडौन सिटी) और श्री आशीष गुर्जर (जयपुर) को नियुक्त किया गया है। इनके साथ ही अमीर सिंह दोयला, सुमेर सिंह दिवाकर सहित अन्य नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष, जबकि मक्खन गुर्जर (बांदीकुई) और ओमप्रकाश गुर्जर (अजमेर) को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष की कमान देवनारायण बनेठा को मिली है।

पदभार संभालने के तुरंत बाद नए प्रदेशाध्यक्ष महावीर डोई ने राजनीतिक स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है।

उन्होंने राज्यसभा के लिए भाजपा उम्मीदवार सतीश पूनिया और अलका गुर्जर से शिष्टाचार मुलाकात की।

डोई ने दोनों शीर्ष नेताओं को गुलदस्ता भेंट कर आगामी राज्यसभा चुनाव में जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।

इस मुलाकात को संगठन के आगामी सामाजिक और रणनीतिक विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है।

## चाइनीज कैमरों से भारत पर नजर रखेगा नेपाल

### चीन के इंटरनेट नेटवर्क का भी करेगा इस्तेमाल; 10किमी. अंदर तक की एक्टिविटीज होंगी रिकॉर्ड

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड से लगी भारत-नेपाल सीमा पर नेपाल ने चीन निर्मित थर्मल कैमरे लगाने शुरू कर दिए हैं। दावा किया जा रहा है कि ये कैमरे भारतीय सीमा के भीतर करीब 10 किलोमीटर तक की गतिविधियों को रिकॉर्ड करने में सक्षम हैं। इतना ही नहीं, इन कैमरों के संचालन के लिए चीन के इंटरनेट नेटवर्क का इस्तेमाल होने की बात भी सामने आई है। ऐसे में भारतीय सीमा क्षेत्र की संवेदनशील सूचनाएं चीन तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। उत्तराखंड में भारत और नेपाल के बीच करीब 275 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। सीमा की सुरक्षा भारत की ओर से सशस्त्र सीमा बल और नेपाल की ओर से आर्म्ड पुलिस फोर्स के जिम्मे है। पिछले कुछ वर्षों में नेपाल ने सीमा क्षेत्र में अपनी सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को लगातार मजबूत किया है। इसी क्रम में गड्ढा चौकी से लेकर कालापानी तक नई बॉर्डर आउट पोस्ट विकसित की जा रही हैं, जहां आधुनिक निगरानी उपकरणों की तैनाती की जा रही है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सीमा क्षेत्र में बढ़ रही यह तकनीकी निगरानी भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण विषय बन सकती है।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर पहाड़ी से गिरे पत्थरः घोड़ा संचालक की मौत, राजस्थान का यात्री गंभीर घायल

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ पैदल मार्ग पर शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। चीरबासा हेलीपैड के पास पहाड़ी से अचानक पत्थर गिरने से एक घोड़ा संचालक की मौत हो गई, जबकि राजस्थान का एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा दोपहर करीब 3 बजे गौरीकुंड से लगभग तीन किलोमीटर आगे चीरबासा हेलीपैड के पास हुआ। बताया गया कि पहाड़ी से अचानक पत्थर लुढ़कने लगे, जिसकी चपेट में घोड़ा संचालक और एक यात्री आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस, डीडीआरएफ, जिला प्रशासन और आपदा मित्रों की टीम मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य शुरू कर घायल यात्री को उपचार के लिए गौरीकुंड अस्पताल भेजा गया।

### मौके पर ही हुई घोड़ा संचालक की मौत

हादसे में रुद्रप्रयाग जिले के बड़ासू गांव निवासी 23 वर्षीय देवेश सिंह की मौके पर ही



मौत हो गई। वह केदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़ा संचालन का कार्य करता था। पत्थरों की चपेट में आने से उसे संभलने का मौका नहीं मिला।

### राजस्थान का यात्री अस्पताल में भर्ती

घायल यात्री की पहचान राजस्थान निवासी विष्णु के रूप में हुई है। हादसे के बाद उसे तत्काल मौके से निकालकर उपचार के लिए गौरीकुंड अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी हालत को देखते हुए चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

### पुलिस, डीडीआरएफ और आपदा मित्रों ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, डीडीआरएफ, जिला प्रशासन और आपदा मित्रों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाकर घायल को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासन यात्रा मार्ग के संवेदनशील हिस्सों पर निगरानी बनाए हुए है।

# दिल्ली होटल आग हादसा...

# रसोइया गिरफ्तार, यही सबसे पहले भागा था

## पुलिस का दावा- बिजली का मेन स्विच बंद किया, जिससे इलेक्ट्रिक दरवाजे लॉक हो गए थे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में आग लगी थी। पुलिस ने हादसे की जांच के लिए होटल के रसोइए केशव नेगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आग रसोइए की लापरवाही से लगी हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रसोइए केशव ने ही बताया था कि ग्राउंड फ्लोर पर बने रेस्टॉरेंट के किचन में बिजली से चलने वाला चूल्हा था। इसमें विस्फोट के बाद ही आग लगी, जो पूरे होटल में फैल गई थी। पुलिस जांच में ही यह बात सामने आई है कि जब नेगी ने बिजली बंद की तो इससे होटल इलेक्ट्रॉनिक दरवाजे लॉक हो गए। नेगी की लापरवाही के कारण ही कई लोग होटल से बाहर नहीं निकल पाए। मालवीय नगर के हौजरानी में फ्लोरिश स्टे क्क×क्क% में आग 3 जून को सुबह करीब 8.30 बजे लगी और तेजी से पांच मंजिला संकरी इमारत में फैल गई थी। मरने वालों में 21 लोग शामिल थे। इनमें 13 विदेशी भी थे। पुलिस का कहना है कि होटल के पास दिल्ली सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट पॉलिसी के तहत सिर्फ 6 कमरों की इजाजत थी, लेकिन वहां 25 कमरे चल रहे थे, जिनमें से कुछ बेसमेंट में भी बने थे। इससे पहले पुलिस ने होटल के मालिक लवकेश बजाज को भी अरेस्ट कर चुकी है। उस पर गैर-इरादतन हत्या समेत कई आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।

### सबसे पहले भागा था होटल स्टाफ

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आग लगने के बाद




होटल का स्टाफ ही सबसे पहले भाग निकला था। जबकि वहां रुके हुए लोग धुएं और आग की लपटों में फंस गए थे। रसोई में बिजली का चूल्हा जलाते ही उसमें विस्फोट हो गया और आग लग गई। केशव ने ही बताया था कि उन्होंने होटल की बिजली का मेन स्विच बंद किया, और घने धुएं के बीच से अपनी जान बचाने के लिए होटल से भाग गए थे।

### होटल के अकाउंटेंट की तलाश में बिहार गई पुलिस की टीम

पुलिस ने होलट के को-ओनर मालिक बजाज के लंबे समय से सहयोगी और अकाउंटेंट जय मिश्रा की भी तलाश शुरू कर दी है, जो घटना के बाद से फरार है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि होटल से जुड़े कई दस्तावेजों में मिश्रा का नाम सामने आया है। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या होटल को चलाने में उनकी कोई बड़ी भूमिका थी। मिश्रा का पता लगाने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई हैं, जिनमें से एक टीम को बिहार भेजा गया है, जहां का वह रहने वाला है।

### होटल मालिक पूछताछ में बोला- दिल्ली में सब चलता है

हादसे के मुख्य आरोपी और होटल मालिक लवकेश बजाज को गुरुवार को कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। बजाज से जब पूछा गया कि 6 कमरे का लाइसेंस लेकर 25 कमरे कैसे चला रहे थे? फायर एनओसी भी नहीं थी। इस पर उसने कहा- 'दिल्ली में सब चलता है।' पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह होटल तीन पार्टनर मिलकर चला रहे थे। पूरी दिल्ली में इनके कई होटल और गेस्ट हाउस हैं। पर्यटन विभाग का लाइसेंस जय मिश्रा के नाम पर था। बजाज ने पूछताछ में और भी कई चौंकाने वाला खुलासे किए। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा था। आरोपी ने बताया कि वह डर के कारण भाग गया था। उसने किसी की मदद नहीं की और पूरे दिन शहर में इधर-उधर घूमता रहा।

### दिल्ली में 6 साल में आग के हादसों में 543 लोगों की मौत

मालवीय नगर होटल हादसे के बाद दिल्ली में आग से सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसी बीच, सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि पिछले 6 साल में शहर में आग से जुड़ी घटनाओं में 543 लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा साल 2019 से मार्च 2026 के बीच आग से जुड़ी घटनाओं का है। अकेले 2026 की पहले 6 महीनों आग लगने की घटनाओं में 65 लोगों की मौत हो चुकी है। हाल ही में विवेक विहार और पालम इलाकों में आग लगने की घटनाओं में नौ-नौ लोगों की मौत हुई थी। यह भी पता चला कि दिल्ली फायर सर्विस को आग से जुड़ी घटनाओं के लिए मिलने वाली इमरजेंसी कॉल की संख्या इन्हीं 6 सालों के दौरान 17,231 से बढ़कर पिछले फाइनेंशियल ईयर में 20,379 हो गई है।



# दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी का 5 घंटे प्रदर्शन

## अभिजीत ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा, अगले शनिवार को फिर जंतर-मंतर पर जुटने का ऐलान





**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, यानी सीजेपी ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा था कि मंत्री आज शाम 5 बजे तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे। सीजेआई को जंतर-मंतर पर आज शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन करीब 3 बजे ही अभिजीत और सोनम वांगचुक धरनास्थल से रवाना हो गए थे। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया। अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे।

### सोनम वांगचुक प्रदर्शन में शामिल

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष आईआईटी कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं।

### 1000+ पुलिसकर्मी, दिल्ली बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा

सीजेपी के प्रदर्शन के मद्देनजर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट, मुख्य रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और दिल्ली के बॉर्डर पॉइंट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। 1000 से ज्यादा पुलिस जवान पहले से तय पॉइंट्स पर तैनात किए गए थे। बाजारों और संवेदनशील इलाकों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई थी।

### कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन 5 घंटे चला, अभिजीत-सोनम वांगचुक रवाना

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी ने सुबह 10 बजे प्रदर्शन शुरू किया था। यह प्रदर्शन करीब 5 घंटे चला। दोपहर 3 बजे अभिजीत और सोनम वांगचुक रवाना हो गए। इसी के साथ धीरे-धीरे प्रदर्शन वाली जगह भी खाली होने लगी।

### सीजेपी प्रदर्शन के दौरान 6 लोग हिरासत में

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रदर्शन के समर्थकों और विरोधियों के बीच तनाव हो सकता है। इसी के चलते कुछ लोगों को एहतियाती हिरासत में लिया गया।

### अभिजीत के घर पुलिस तैनात, माता-पिता का मीडिया से बातचीत करने से इनकार

पुणे में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके के घर महाराष्ट्र पुलिस तैनात कर दी गई है। सुबह से ही घर के बाहर बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस की गाड़ियां भी घर के बाहर मौजूद थीं। हालांकि दीपके के माता-पिता घर पर हैं या नहीं, इस बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। इससे पहले, दीपके के माता-पिता ने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया था।

### अभिजीत 5 घंटे जंतर-मंतर पर रहे, 5 बार स्पीच दी

**सुबह 7.30 बजे:** अभिजीत दीपके सुबह अमेरिका से दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वे डेड घंटे बाद बाहर निकले।

**सुबह 9.30 बजे:** अभिजीत CJP के प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए। हाथ में अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी थी।

**सुबह 10.00 बजे:** अभिजीत जंतर-मंतर पहुंचे। यहां समर्थकों ने स्वागत किया और लोगों से बातचीत की।

सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक- दीपके ने अपने समर्थकों के बीच 5 बार छोटी-छोटी स्पीच दी। इस दौरान धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए गए।

**दोपहर 3.30 बजे :** दीपके की तबीयत बिगड गई। उन्हें गाडी में बैठाया गया।

इसके बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। वे सोनम वांगचुक के साथ रवाना हो गए।

### मंत्री के इस्तीफे के लिए 5 दिन की समय सीमा

अभिजीत ने कहा- कॉकरोच जनता पार्टी अपनी मांग पर अड़ी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने धमेंद्र को इस्तीफे के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी की बात नहीं मानी जाती है, तो 13 जून को जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा।

### उद्धव ठाकरे बोले- युवाओं को कॉकरोच कहना गलत

शिवेसना (उद्धव) के चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे युवाओं के आंदोलन को लेकर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि नीट पेपर लीक ने लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कॉकरोच कहकर उनका अपमान करना गलत है। अब यही युवा अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं और सरकार को उनकी बात सुननी होगी। उन्होंने आंदोलन को सरकार के लिए चेतावनी बताया।

### अखिलेश यादव ने सीजेपी प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया

सपा चीफ अखिलेश यादव ने सीजेपी प्रदर्शन का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा- गुरूरमंद हुक्मरानों तक पहुंचे ये आवाज, अब नौजवानों ने भी कर दिया है इंकलाब। **NCP (SP)** के महासचिव रोहित पवार ने कॉकरोच जनता पार्टी (**CJP**) को अपना समर्थन दिया।










स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।